उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन परीक्षायें या Computer Based Test (C.B.T.) कराये जाने हेतु दिशा निर्देश

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निकट भविष्य में ऑनलाइन परीक्षायें प्रारम्भ की जा रही है । इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा की जाने वाली सार्वजनिक सेवाओं की भर्तियों में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन परीक्षाओं की प्रक्रिया तथा इस परीक्षा के दौरान महत्वपूर्ण बातों को समझें । इस दृष्टि से परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन परीक्षायें कैसे होंगी तथा इसमें अभ्यर्थियों को क्या करना होगा अथवा क्या इन बातों को समझने की दृष्टि से आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा से संबंधित मुख्य बातों व सावधानी रखनी होगी क्रियात्मक निर्देशों को प्रकाशित किया जा रहा है ।

सामान्य बातें

1. आयोग राज्य सरकार के विभिन्न विभागों व संगठनों के लिए मानव संसाधन एक चयन प्रक्रिया के द्वारा उपलब्ध कराता है । वर्तमान तक आयोग द्वारा चयन हेतु केवल ऑफलाइन माध्यम से लिखित परीक्षायें कराई जा रही है । इन परीक्षाओं की कुछ कमियों को दूर किये जाने की दृष्टि से तथा परीक्षाओं को और अधिक पारदर्शी व शुचितापूर्ण बनाने की दृष्टि से आयोग व राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन परीक्षायें कराने का निर्णय लिया गया है ।
2. ऑनलाइन परीक्षाओं की यह शुरुआत है व यह नहीं समझा जाना चाहिए कि इसके बाद आयोग की सभी परीक्षायें ऑनलाइन माध्यम से ही होंगी । व्यवहारिकता की दृष्टि से तथा ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता की सीमाओं के कारण ऑफलाइन परीक्षाएं भी संपादित की जायेँगी ।
3. राज्य सरकार की सेवा एक सार्वजनिक सेवा या लोकसेवा है । अतः एक लोकसेवक के रूप में चयन के इच्छुक अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के दौरान तथा उसके उपरांत सेवा के दौरान भी मर्यादित आचरण की अपेक्षा की जाती है ।
4. ऑनलाइन परीक्षाओं का अर्थ यह है कि अब अभ्यर्थियों को कागज में छपी प्रश्न पुस्तिका या उत्तर सीट (ओ0एम0आर0शीट) नहीं दी जायेगी बल्कि कप्यूटर स्क्रीन पर ही प्रश्न पत्र तथा उत्तर देने की सुविधा मिलेगी ।
5. यह भी स्पष्ट है कि ऑनलाइन परीक्षायें कप्यूटर पर होंगी ऐसे में परीक्षा केन्द्र वहाँ पर होंगे जहां समुचित मात्रा में उचित मानकों वाला कप्यूटर उपलब्ध हो अतः सामान्य विद्यालयों / पाठशालाओं में यह परीक्षा नहीं हो सकेगी ।
6. वर्तमान में परीक्षा योग्य कम्प्युटरों कि संख्या राज्य में काफी कम है साथ ही कम शहरों में परीक्षा योग्य कप्यूटर केन्द्र है । ऐसे में ऑनलाइन परीक्षा में अपने जिले में या निकट में परीक्षा की सुविधा नहीं मिल सकेगी ।
7. आयोग यथासम्भव यह प्रयास करेगा कि अभ्यर्थियों को अपने-अपने मण्डलों में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाय ।

8. ऑफलाइन परीक्षा की भांति ऑनलाइन परीक्षाओं में भी अभ्यर्थी चेकिंग / फ्रिस्किंग के उपरांत ही परीक्षा कक्ष में जा सकेंगे अतः परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना आवश्यक होगा । परीक्षा की अवधि भी ऑफलाइन की भांति 2 घंटा होगी ।

9. ऑनलाइन परीक्षाओं में अभ्यर्थी को परीक्षा के लिए केवल एक पेंसिल लानी होगी जिससे वह रफ कार्य कर सके। अन्य कोई भी परीक्षा सामग्री परीक्षा हॉल में नहीं ले जाई जा सकेगी ।

10. परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा समुचित स्तर की सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक का उपयोग किया जायेगा किंतु यदि अपरिहार्य परिस्थियों में किसी अभ्यर्थी या किसी केन्द्र पर कोई कठिनाई आती है तो वहा पर यथोचित उपचारात्मक कार्रवाई की जायेगी ।

11. अब देश में ऑनलाइन परीक्षायें बड़ी संख्या में आयोजित हो रही है व कप्यूटरों की कमी के कारण सभी परीक्षा संगठनों / विभागों द्वारा कई शिफ्ट में परीक्षायें कराई जा रही है । ऐसे में आयोग की परीक्षायें भी एक या अधिक शिफ्ट में संपन्न होंगी ।

12. प्रत्येक शिफ्ट में अलग प्रश्न पत्र होगा अतः अलग शिफ्टों के प्रश्नपत्रों में कठिनाई के स्तर को संतुलित करने तथा प्रत्येक शिफ्ट में प्राप्तांको में साम्यता रखने के लिए परीक्षा परिणाम नॉर्मलाईजेशन पद्वति से तैयार किया जायेगा ।

13. कई शिफ्ट में होने वाली परीक्षाओं में नॉर्मलाईजेशन या सांख्यिकी पद्वति का उपयोग वर्तमान में एक स्थापित प्रक्रिया है व सभी परीक्षा संस्थानों द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है । जहां किसी तकनीकी कठिनाई के कारण कोई शिफ्ट या केन्द्र की परीक्षा नहीं हो सकेगी वहां पर भी पुर्नपरीक्षा का अवसर दिया जायेगा व नॉर्मलाईजेशन पद्वति से परिणाम जारी किया जायेगा ।

14. जिन अभ्यर्थियों द्वारा शुल्क सहित पूर्ण आवेदन पत्र भरे गए हैं, उनके प्रवेश पत्र ऑफलाइन परीक्षाओं की भांति आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकेंगे । प्रवेश पत्र जारी होने की सूचना प्रेस नोट व SMS के माध्यम से दी जायेगी ।

15. परीक्षा के दौरान मर्यादित आचरण ना करने या परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वाली कोई भी गतिविधि करने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा तथा अन्य विधिक कार्रवाई भी अमल में लाई जायेगी ।

16. परीक्षा केन्द्र में लाई जाने वाली या प्रतिबंधित सामग्री का विवरण प्रवेश पत्र में दिया जायेगा व उसका पूर्ण अनुपालन अभ्यर्थी का दायित्व होगा ।

17. परीक्षा के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी CCTV कैमरा कसे आच्छादित होगा व उसके व्यवहार आदि को भी परीक्षा के दौरान देखा जायेगा । संदिग्ध व्यवहार या बातचीत पाये जाने पर अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। साथ ही आगे जांच आदि के लिए चिन्हित किया जा सकता है ।

परीक्षा दिवस के लिए

18. अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा दिवस के पूर्व ही अपना परीक्षा केन्द्र देख लें व परीक्षा के दिन समय पर पहुंचने के लिए व्यवस्था कर लें ।

19. परीक्षा प्रारम्भ होने के 02 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना आवश्यक होगा, जिससे चेकिंग / फ्रिस्किंग व बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जा सके। इसके साथ ही वर्तमान में चल रहे कोविड-19 संक्रमण के प्रोटोकॉल का भी अनुपालन हो सके।

20. एक निश्चित समय के उपरांत परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार या प्रवेश क्षेत्र बंद कर दिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी ।

21. प्रत्येक अभ्यर्थी को चेकिंग / फ्रिस्किंग व सुरक्षा जांच अनिवार्य रूप से होगी व इसके लिए निर्धारित सुरक्षा जांचकर्त्ताओं को यथोचित सहयोग दिया जाना अपेक्षित है। चेकिंग के समय अनुशासन बनाये रखना भी अपेक्षित है।

22. सुरक्षा जांच के उपरांत बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी व उसके उपरांत परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी जायेगी ।

23. परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व अभ्यर्थी ऑनलाइन परीक्षा से संबंधित किसी भी शंका के संबंध में अपने प्रश्न पर्यवेक्षक से पूछ सकते हैं व समाधान ले सकते हैं। परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरांत किसी प्रकार के प्रश्नों को पूछना या वार्तालाप की अनुमति नहीं होगी ।

परीक्षा प्रक्रिया

24. कम्प्युटर स्क्रीन परीक्षा प्रारम्भ होने के समय पर स्वतः ऑन हो जायेगी व अभ्यर्थी अपने व्यक्तिगत विवरण तथा नाम, अनुक्रमांक आदि हिंदी अंग्रेजी में टंकित कर सकते हैं।

25. परीक्षा संबंधी निर्देश पढ़ने के उपरांत ऑफलाइन परीक्षा की भांति प्रश्नपत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कप्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।

26. अभ्यर्थी पहला या बीसवां या सौवां कोई भी प्रश्न देख सकते हैं किंतु एक बार में एक ही प्रश्न कम्प्युटर स्क्रीन पर हिन्दी व अंग्रेजी में प्रदर्शित होगा।

27. अभ्यर्थी किसी भी क्रम में या किसी भी संख्या के प्रश्न का उत्तर अपनी इच्छानुसार दे सकते है ।

28. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए अभ्यर्थी को उस प्रश्न के 4 विकल्पों में से 1 विकल्प पर “Click” करना होगा। Click करने से वह विकल्प हाईलाइट हो जायेगा व यह चयनित / हाईलाइट विकल्प ही अभ्यर्थी का उत्तर (Response) माना जायेगा ।

29. यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न को हल नहीं करना चाहते है तो कृपया उस प्रश्न के किसी भी विकल्प को Click न करें एवं Previous / Next Button बटन पर Click कर अगले प्रश्न पर जायेँ।

30. यदि अभ्यर्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर Click कर दिया है किंतु वह यह सोचता है कि इसका उत्तर एक बार और बाद में समय मिलने पर पुनर्विचार योग्य है तो वह Bookmark विकल लेकर समीक्षा के लिए चिन्हित कर सकता है।

31. प्रत्येक अभ्यर्थी की स्क्रीन के एक कोने में एक रंगीन सारांश पैनल दिखेगा इसमें अब तक उत्तरित प्रश्न, अनुत्तरित प्रश्न, बुकमार्क प्रश्नों की संख्या अलग-अलग रंगों में प्रदर्शित होगी। इसमें Click कर अभ्यर्थी संबंधित प्रश्नों को खोल सकते है। इसके अलावा Previous व Next Button Click करके भी आगे-पीछे जा सकते है।

32. कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित सारांश पैनल एक विशेष सुविधा है जिससे परिणाम के दौरान किसी भी समय अभ्यर्थी द्वारा अब तक की परीक्षा प्रगति का संक्षेप में विवरण दिखेगा अर्थात कितने प्रश्न अनुत्तरित रह गए हैं, कितने प्रश्न उत्तरित हैं, कितने समीक्षा के लिए चिन्हित (Bookmark) है। यह सब इस पैनल में उपलब्ध होगा।

33. इस सारांश पैनल में प्रश्नपत्र के विभिन्न खण्ड (हिन्दी, सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन आदि) भी प्रदर्शित होंगे। इन खण्डों पर Click कर अभ्यर्थी के सामने संबंधित खंड के प्रश्न उत्तर या समीक्षा के लिए प्रदर्शित होंगे। सारांश पैनल पर सीधे Click कर संबंधित प्रश्नों पर सीधे पहुंचा जा सकता है।

34. इस प्रकार अभ्यर्थी सारांश पैनल या Next या Previous Button Click कर प्रश्न पत्र के किसी भी खण्ड या प्रश्न संख्या में तत्काल जा सकते है या नेविगेट कर सकते हैं।

35. किसी प्रश्न का एक विकल्प चुनने व उसे Click करने के बाद अभ्यर्थी यदि दूसरे प्रश्न पर या प्रश्नपत्र के किसी अन्य भाग में जाता है तो जैसे ही वे दूसरे प्रश्न को या Previous / Next Button को Click करते हैं वह उत्तर Save हो जायेगा।

36. यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर जो पहले Click / Save कर चुके हैं, को परिवर्तित करना चाहते है तो परीक्षा की अवधि में उस प्रश्न पर जाकर कभी भी कर सकते है। सबसे अंत में लिया गया विकल्प ही सही उत्तर माना जायेगा।

37. प्रत्येक अभ्यर्थी की कम्प्यूटर स्क्रीन पर परीक्षा समाप्ति के लिए शेष बचे समय का लगातार प्रदर्शन होता रहेगा।

38. रफ कार्य करने के लिए अभ्यर्थी को रफ शीट अलग से दी जायेगी जिसमें पेंसिल से रफ कार्य किया जाएगा।

39. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/4 ऋणात्मक अंक काटा जायेगा।

40. परीक्षा समाप्ति के पूर्व अभ्यर्थी दिये गये उत्तरों की समीक्षा उनके उत्तर परिवर्तित / संशोधित कर सकते हैं। परीक्षा समाप्ति का समय होने पर यह सुविधाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी। अतः अपने उत्तरों को परीक्षा समाप्ति के पूर्व जांच लें। परीक्षा समाप्ति पर अभ्यर्थी द्वारा दिये गए उत्तर कम्प्यूटर सिस्टम द्वारा स्वतः Save हो जायेंगे।

41. यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रश्नपत्र परीक्षा समाप्ति के समय से पूर्व हल कर लिया गया है तब भी उन्हें परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी व परीक्षा समाप्ति पर एक बार फिर बायोमेट्रिक उपस्थिति / सत्यापन करने के बाद ही परीक्षा कक्ष / केंद्र छोड़ने की अनुमति होगी।

42. परीक्षा समाप्त होने पर अभ्यर्थी की कम्प्यूटर स्क्रीन पर समय समाप्ति की पुष्टि के लिए धन्यवाद या Thank You संदेश आ जायेगा व परीक्षा प्रक्रिया समाप्त हो जायेगी ।

परीक्षा के दौरान व्यवहार

निम्न में से किसी भी कारण से परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक या प्रोक्टर द्वारा उम्मीदवार को परीक्षा से वंचित / अयोग्य करार किया जा सकता है :-

1. शांति व्यवस्था भंग करना।
2. गड़बड़ी फैलाना।
3. प्रतिरूपण या किसी अन्य व्यक्ति के लिए परीक्षा देने का प्रयास करना।
4. परीक्षा के दौरान बाहरी व्यक्तियों या अन्य अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार की सहायता लेना या उनका सहायता देना तथा संवाद स्थापित करना।
5. परीक्षा केंद्र में धूम्रपान करना अथवा खाना।
6. कम्प्युटर के प्रचालन के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ या सिस्टम के कार्य में हस्तक्षेप करने का प्रयास करना।
7. अन्य उम्मीदवारों के साथ किसी कागज, प्रलेख या किसी अन्य सामग्री का आदान-प्रदान करना।
8. पर्यवेक्षक की अनुमति के बिना परीक्षा केंद्र से चले जाना।
9. प्रतिबंधित उपकरण / वस्तुएं जिनकी अनुमति नहीं है उनका प्रयोग करना जैसे कि:-
    - स्टेशनरी की वस्तुएं जिसमें पेन, स्केल, कागज, पुस्तकें, नोटबुक, कैल्कुलेटर, घड़ी कैल्कुलेटर आदि शामिल है।
    - मोबाइल फोन, पेजर, स्वास्थ्य संबंधी बैंड, घड़िया कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि।
    - आभूषण जैसे बालियां, अंगूठियां, धातु की चूड़ियां पेंडेंट, नाक की पिन, चेन, हार आदि।
    - बटुआ(पर्स), धूप का चश्मा आदि की अनुमति नहीं है।
10. परीक्षा केन्द्र से परीक्षा प्रश्नों और अथवा उत्तरों को (किसी भी रूप में) कॉपी करने का प्रयास करना।

11. परीक्षा के दौरान किसी अनधिकृत सॉफ्टवेयर / प्रोग्राम की सहायता लेने का प्रयास करना।

12. पर्यवेशक के निर्देशों का पालन नहीं करना।

13. परीक्षा केन्द्र के स्टाफ या पर्यवेक्षक के साथ अभद्रता या मारपीट करना।

14. परीक्षा परिणामों के लिए किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का सहारा लेना या किसी प्रकार का प्रभाव डालना गंभीर अपराध माना जाएगा और यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा के संचालन के लिए अधिकृत किसी व्यक्ति की रिपोर्ट के आधार पर किसी प्रकार के अपराध के लिए दोषी पाया जाता है तो वह उस उम्मीदवार का नाम परीक्षा के लिए दर्ज उम्मीदवारों की सूची से हटवाने के लिए अधिकृत है और उसके विरुद्ध आयोग जैसे उचित समझें, कार्यवाही भी करेगा।

15. परीक्षा में उपस्थित होते समय उम्मीदवार शांति बनाएं रखें। परीक्षा हॉल में किसी प्रकार का वार्तालाप या इशारा करना या व्यवधान पैदा करना या सीट / प्रश्नपत्र बदलने के प्रयास को अनुचित व्यवहार माना जाएगा।

16. यदि कोई उम्मीदवार अनुचित साधनों में लिप्त या प्रतिरूपण करते पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र के प्रशासक द्वारा परीक्षा से निकाल दिया जाएगा और इस मामले में उचित कार्यवाही के लिए संबंधित प्राधिकारी / आयोग को रिपोर्ट किया जाएगा।

17. परीक्षा केन्द्र पर नियुक्ति केंद्र प्रशासक को यह प्राधिकार है कि वह उम्मीदवार को किसी प्रकार के कदाचार के लिए परीक्षा केन्द्र से निकाल दें।

18. परीक्षा के उपरांत(सभी शिफ्ट्स की समाप्ति) यथाशीघ्र अभ्यर्थियों को उनके प्रश्न पत्र व दिये गए उत्तर (Response) उपलब्ध कराये जाएंगे। इसके साथ ही उत्तर कुंजी (Answer Key) तथा प्रश्नों की चुनौती देने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

<u>**घोषणा**</u>

मैंने अनुदेशों को पढ़ लिया है और समझ लिया है। मैं इस बात से सहमत हूं कि मैं परीक्षा केंद्र में किसी प्रकार के निषिद्ध गैजेट जैसे-मोबाइल फोन आदि / कोई निषिद्ध सामग्री अपने साथ नहीं लाऊंगा एवं न ही कोई अनुचित व्यवहार करूंगा। मैं सहमत हूं कि यदि मेरे द्वारा दिए गये अनुदेशों का पालन नहीं किया गया तो मुझे परीक्षा देने से अयोग्य करार दिया जायेगा।

<u>प्रैक्टिस टेस्ट / मॉक टेस्ट</u>

निर्देश पढ़ने व उपरोक्त घोषणा Submit करने के बाद वास्तविक परीक्षा प्रारम्भ हो जायेगी अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षायें प्रारम्भ होने के पूर्व इसके लिए समुचित प्रशिक्षण दिये जाने के लिए एक प्रैक्टिस टेस्ट या मॉक टेस्ट तैयार किया गया है। यह टेस्ट कुल आधा घंटा (30 मिनट) की अवधि का है व इसमें 24 प्रश्न 4 खंड में दिए गए हैं। अभ्यर्थी इस टेस्ट लिंक पर जाकर प्रैक्टिस टेस्ट देकर तथा इसकी पुनरावृत्ति करके ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। मॉक टेस्ट देने के लिए कृपया नीचे Parctice Test बटन को क्लिक करें।

Practice Test